सार-समाचार

महाराजा दाहिर सेन के बलिदान दिवस पर रैली निकाल कर श्रद्धांजलि दी

कोटा, (निसं)। अशोक कॉलोनी स्थित नारी शाला में सिंधी सभ्यता मंडल द्वारा अखंड भारत के अंतिम हिंदू सम्राट महाराजा दाहिर सेन का बलिदान दिवस मनाया गया। अध्यक्ष चंद्रप्रकाश खूबचंदानी, महासचिव प्रकाश वीर नाथानी, संरक्षक अर्जुन जय सिंघानी, उपाध्यक्ष पुरुषोत्तम छाबड़िया एवं अतिथियों ने महाराजा दाहिर सेन की तस्वीर पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर मामबत्तियां प्रचलित कर श्रद्धांजलि दी। नाथानी ने बताया इस अवसर पर बच्चों ने महाराजा दाहिर सेन के चित्र पर खूबसूरत रंग भरे एवं बच्चों को पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया गया। महाराजा दाहिर सेन की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सभी धर्म को साथ लेकर चलने वाले वीर राष्ट्र प्रहरी एवं पराक्रमी महाराजा दाहिर सेन ने अरबी बादशाहो के बार-बार आक्रमण करने के लिए 15 बार युद्ध में मात देकर अखंड भारत के सिंध एवं हिंदुस्तान की रक्षा की। उनका साम्राज्य उत्तर से कश्मीर कन्नौज एवं पंजाब तक एवं दक्षिण में कराची बंदरगाह कच्छ तक फैला हुआ था। नम्रता गेहिजा ने बताया ऐसे आयोजन से वीरगाथाओं को पढ़कर एवं सुनकर बच्चों में देश के रक्षा के प्रति जज्बा पैदा होता हैं, महिलाओं की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध थे इसलिए मोहम्मद बिन कासिम ने उनके मंत्री को अपने सूबे में मिलाकर धोखे से महिला के वेष में वार कर महाराजा दाहिर सेन को युद्ध में हराया। उनकी पत्नी मेवाड़ के राजघराने की राजकुमारी महारानी लाड़ी बाई एवं दोनों पुत्रियां सूर्य एवं परिमल ने भी देश की रक्षा के लिए अपने प्राण न्यौछावर किया। रैली एवं श्रद्धांजलि सभा में राकेश हरि सिंघानी, पवन खूबचंदानी, हसानंद चावला, मनोज राजानी, तीरथ रिजवानी निकिता, जय एवं मातृशक्ति एवं बच्चे उपस्थित रहे।

दिव्यांग चिन्हिकरण शिविर 30 जून तक

कोटा, (निसं)। विशेष योग्यजनों कृत्रिम अंग या सहायता उपकरण चिन्हित कर उपलब्ध करवाये जाने के लिए विशेष योग्यजन शिविरों का आयोजन 30 जून तक जिले में सामुदायिक, प्राथमिक एवं शहरी स्वास्थ्य केन्द्रों पर किया जा रहा है। संयुक्त निदेषक सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के सविता कृष्णिया ने बताया कि दिव्यांगजनों का उनके संबधित सामुदायिक, प्राथमिक एवं शहरी स्वास्थ्य केन्द्रों पर दिव्यांग चिन्हिकरण शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इन शिविरों में अंग उपकरण एवं दिव्यांग प्रमाण पत्रों से वंचित दिव्यांगों का ग्रामसेवक, आंगनबाडी कार्यकर्ता, महिला सुपर वाईजर, आशा, ए.एन.एम. साथिन से सर्वे करवाया जाकर सामुदायिक, प्राथमिक एवं शहरी स्वास्थ्य केन्द्रों पर षिविर आयोजन के समय एवं तिथि की जानकारी देते हुये षिविर स्थल पर बुलाया जाएगा तथा उनकी आवश्यकता एवं पात्रता अनुसार कृत्रिम अंग या सहायक उपकरण ट्राई साईकल, व्हीलचेयर, कान की मशीन, बैशाखी, छड़ी, कैलीपर इत्यादि सहायक उपकरणों के आवेदन पत्र तैयार करवाए जायेंगे।

मुख्यमंत्री दिव्यांग स्कूटी योजना में 27 जून तक कर सकेंगे आक्षेप पूर्ति

कोटा, (निसं)। महाविद्यालय में नियमित अध्ययनरत् दिव्यांगजन एवं ऐसे दिव्यांग युवा जो कार्यक्षेत्र में कार्यरत हैं उन्हे प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री दिव्यांग स्कूटी योजना से लाभान्वित किया जायेगा। संयुक्त निदेशक सविता कृष्णिया ने बताया कि जिले के ऐसे दिव्यांगजन जिनके द्वारा 30 मई 2025 तक मुख्यमंत्री दिव्यांग स्कूटी योजनान्तर्गत ऑनलाईन आवेदन भरा है एवं उनके आवेदन पत्र में विभाग आवश्यक दस्तावजों की कमी पूर्ति के लिए आक्षेप अंकित कर रखा है वे दिव्यांगजन अपने आवेदन पत्र की ऑनलाईन जांच कर सुनिश्चित करें कि उनके आवेदन में किसी प्रकार का कोई आक्षेप अंकित नहीं है। अगर आक्षेप अंकित है तो वे 27 जून तक अपने आवेदन पत्र में अंकित आक्षेप की पूर्ति करें जिससे उनको स्कूटी योजना से लाभान्वित किया जा सके। योजना के संबध में दिशा-निर्देश वेबसाईट पर उपलब्ध है एवं अधिक जानकारी जिला कार्यालय, संयुक्त निदेशक, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, कोटा, अम्बेडकर भवन, पुलिस चौकी के पास, एमबीएस अस्पताल, नयापुरा, कोटा से प्राप्त की जा सकती है।

नालों की सफाई कार्य का निरीक्षण किया

कोटा, (निसं)। नगर निगम कोटा उत्तर की महापौर मंजू मेहरा ने मंगलवार को वर्षा पूर्व नालों की सफाई कार्य का निरीक्षण किया और आवश्यक निर्देश प्रदान किए। नगर निगम कोटा उत्तर की महापौर मंजू मेहरा ने बताया कि वर्षा पूर्व नालों की सफाई कार्य की निरंतरता में सेक्टर नं. 06 के वार्ड नं. 04, 34 में स्थित गंधीजी पुल से लेकर सब्जीमंडी एरिया के दोनों-तीनों तरफ के छोटे-बड़े नाला-नालियों की चल रहे सफाई कार्य का मौका निरीक्षण किया गया तथा कुछ क्षेत्र में केडीए द्वारा नालों का निर्माण कार्य चल रहा था। जिसके तहत मौके पर अधिकारियों से संपर्क कर जानकारी प्राप्त की एवं निगम के स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित किया कि केडीए से पत्र व्यवहार कर नालों की ढलान सही दिशा में करने व सफाई करवाने के पश्चात् ढकान करवाने के निर्देश भी प्रदान किए। मौके के दौरान निगम के स्वास्थ्य अधिकारी मोतीलाल चौधरी, मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक प्रहलाद माली, स्वास्थ्य निरीक्षक सतीश व सेक्टर नं. 06 के स्वास्थ्य निरीक्षक एवं स्थानीय निवासी तथा व्यापारीगण साथ रहें।

सब्जीमंडी में मोबाइल चोर गिरोह सक्रिय

छबड़ा (निसं)। कस्बे की सब्जी मंडी में मोबाइल चोर गिरोह सक्रिय है। यहाँ सब्जी लेने आए तीन जनों को उस वक्त सब्जी खरीदना महंगा पड़ गया जब उनके महंगे मोबाइल चोरी हो गए। जानकारी अनुसार अशोक उपाध्याय रिटायर्ड कानूनगो मंगलवार को नगरपालिका कार्यालय के सामने स्थित सब्जी मंडी में सब्जी लेने आए थे कि अज्ञात चोरों ने उनके जेब से महंगा मोबाइल चोरी कर लिया। इसी के साथ ही दो लोगों के भी मोबाइल चोरी हो गए। उल्लेखनीय है कि उपाध्याय का पिछले वर्ष भी सब्जी मंडी से मोबाइल चोरी हुआ था। इससे पूर्व भी सब्जी मंडी से मोबाइल चोरी की कई घटनाएं हो चुकी है। यहां मंगलवार को साप्ताहिक हाट लगती हैए इसी का फायदा उठाते हुए मोबाइल चोर गिरोह सक्रियता से मोबाइलों पर हाथ साफ करता है। सैकड़ो मोबाइल चोरी होने के उपरांत भी पुलिस मोबाइल बरामद करने में विफल रही है।

कुलगुरू से तकनीकी विभाग के अधिकारियों ने शिष्टाचार भेंट की

कोटा, (निसं)। कोटा विश्वविद्यालय, कोटा के नवनियुक्त कुलगुरू प्रो.भगवती प्रसाद सारस्वत से आर.एस.आर.डी.सी.लि. विभाग के परियोजना निदेशक राजकुमार राजौरिया एवं जलदाय विभाग के अधिशाषी अभियंता प्रकाश वीर नाथानी एवं सहायक अभियंता अभिषेक जैन ने शिष्टाचार भेंट कर पुष्प गुच्छ भेंट किये। कुलगुरू सारस्वत ने विश्वविद्यालय हेतु पेयजल के कार्य की प्रगति के सम्बन्ध में जानकारी ली। उक्त विषय पर विस्तृत चर्चा कर चल रहे निर्माण कार्य के सम्बन्ध समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्वक कार्य सम्पादित करने के निर्देश प्रदान किये। जलदाय विभाग के अधिकारियों द्वारा कार्य को शीघ्र सम्पादित करने हेतु कार्य योजना से अवगत कराते हुये सितम्बर, 2025 तक कार्य पूर्ण करने का आश्वासन दिया।

सोने-चांदी के आभूषण व नगदी चोरी

छबड़ा (निसं)। कस्बे में चोरी की घटनाएं थमने का नाम नही ले रही हैं। यहां अज्ञात चोरो ने एक मकान को निशाना बनाते हुए सोने-चांदी के आभूषण सहित 17 हजार की नगदी चुरा ली। पीड़ित ने थाने में परिवाद दे दिया हैं। सत्यनारायण शर्मा ने बताया कि अज्ञात चोर उसके घर के मुख्य दरवाजे को तोडते हुए अलमारी में रखे कान के टॉप्स, चांदी के सिक्के, पायल, मंगलसूत्र, आधा किलो चांदी सहित 17 हजार की नगदी चुरा ले गए। इस मामले में पुलिस ने जांच-पड़ताल शुरू कर दी हैं।

विषाक्त के सेवन से युवक की मौत

छबड़ा (निसं)। शंकर कॉलोनी निवासी एक व्यक्ति ने अज्ञात कारणों के चलते विषाक्त पदार्थ का सेवन कर लिया, जिससे उसकी मृत्यु हो गई। पुलिस ने मृतक के शव का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया।

कोटा में अघोषित बिजली कटौती पर फूटा आक्रोश

- कांग्रेस ने निजी विद्युत कंपनी के खिलाफ प्रदर्शन किया

कोटा, (निसं)। राजस्थान महिला काँग्रेस की पूर्व अध्यक्ष एवं राजस्थान प्रदेश काँग्रेस कमेटी की महासचिव राखी गौतम ने गुमानपुरा कोटा स्थित निजी बिजली कंपनी के कार्यालय पहुंच कर लगातार हो रही अघोषित बिजली कटौती एवं बिजली विभाग के अधिकारियों की लापरवाही से आमजन को आ रही समस्याओं को लेकर अधिकारियों का घेराव कर चेताया की कोटा में बिजली विभाग से आमजनता को आ रही परेशानी से अगर आगामी 7 दिन के अंदर राहत नहीं मिली तो कांग्रेस सड़कों पर उतरकर उग्र आंदोलन करेगी।

गौतम ने अधिकारिओं को चेतावनी देते हुए कहा की कोटा शहर मे निजी कंपनी द्वारा अघोषित बिजली कटौती से आमजनता त्रस्त हो गयी है और साथ ही सबसे बड़ी समस्या की हर क्षेत्र के बिजली दफ्तरों मे बैठे अधिकारियों द्वारा लेंडलाईन फोन पर या रहा आमजनता के समस्या का कॉल न उठाना।

गौतम ने बिजली कंपनी के अधिकारीयों को घेरते हुए कहा कि अगर आमजनता अपनी समस्या को लेकर निजी क्षेत्र के बिजली दफ्तर पर संपर्क न करेगी तो कहा करें वहाँ बैठे अधिकारीयों को एसी, कूलर में बैठकर आराम करने से फुरसत नहीं ना ही लेंडलाईन दूरभाष नंबर पर फोन उठते है और अगर कॉल उठ भी गए तो आमजन द्वारा बताई गई समस्या टाल दी जाते है। साथ ही केईडीएल कंपनी द्वारा जो कम्पलेन्ट दूरभाष नंबर दिया गया है उस पर भी कम्पलेन्ट देने के बाद भी समस्या का हाल नहीं है।

आखिर आमजन की समस्याओं का समाधान की भीषण गर्मी के मौसम के जाने के बाद होगा। गौतम ने सरकार और ऊर्जा मंत्री को घेरते हुए कहा की शर्मसार बात है की राज्य के ऊर्जा मंत्री से खुद का गृह क्षेत्र ही नहीं संभाला जा रहा राज्य तो क्या ही संभल रहा होगा। केवल भ्रमण पर ही ध्यान आकर्षित है।

आमजन होती रहे परेशान कोई फर्क नहीं, कोटा शहर के हालात गांव से बदतर है तो गांव के हालात कैसे होंगे और यह समस्या पूरे राजस्थान में कैसी होगी। जहां हीट वेव के चलते और भीषण गर्मी से लोगों की जान पर बन आई है।

गौतम ने पिछले साल कि समस्याओं को दोहराते हुए कहा कि हमे आमजन के हित के लिए पिछले साल भी अवगत करवाने आना पड़ा था और इस वर्ष भी आना पड़ा और सरकार कि इस दुर्दशा को देखते हुए लगता है कि सरकार मे आने वाले तीन साल के गर्मी के मौसम मे भी आना पड़ेगा क्योंकि सरकार और सरकार मे बैठे मंत्रियों एवं अधिकारिओं कि आंखे खुलने से रही। गौतम ने केडीएल के अधिकारी से स्पष्ट रूप से मीडिया के सामने वार्ता करते हुए बात कि की आमजनता को बिजली विभाग की समस्याओं से आगामी 7 दिन में राहत न मिली तो हमे आमजनता के हित मे सड़कों पर उतरेंगे और साथ ही आप और आपके अधिकारियों को अपने कक्षों मे कूलर एसी कि हवा में नहीं बैठने देंगे।

इस दौरान जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी श्याम गौतम, हेमराज गौतम, सुभाष सैनिक, अरुण गौतम, खेमराज सिंह, पार्षद दिलीप पाठक, कपिल शर्मा, मोहन नंदवाना, सोनू अब्बासी, अनुराग गौतम, महिला काँग्रेस जिलाध्यक्ष एवं पार्षद शालिनी गौतम, प्रफुल पाठक, सेवादल जिलाध्यक्ष प्रेम लाहौरिया, ब्लॉक अध्यक्ष जोगेंद्र बीरवाल, जयेश श्रृंगी, मण्डल अध्यक्ष धरमवीर मेघवाल, मनीष भारद्वाज, प्रेम पालीवाल, मोहम्मद सिद्दीक अंसारी, संजय जैन, एनएसयूआई जिलाध्यक्ष विशाल मेंवाडा सहित कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

कोटा में अघोषित कटौती कांग्रेस ने आक्रोश प्रदर्शित किया है।

पी.एम.मोदी ने गांधी जी का स्वच्छता संदेश विश्व में पहुंचाया

कोटा, (निसं)। नगर निगम कोटा उत्तर द्वारा मंगलवार को वंदे गंगा जल संरक्षण जनअभियान के तहत चार स्थानों पर श्रमदान, जागरूकता रैली और संकल्प सभा का आयोजन किया गया। आयुक्त अशोक कुमार त्यागी ने बताया कि रामपुरा क्षेत्र में पहले हिन्दू धर्मशाला से गांधी चौक तक जागरूकता रैली आयोजित की गई। इसके बाद गांधी चौक पर श्रमदान कर सफाई की गई। महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर जल एवं पर्यावरण संरक्षण की संकल्प लिया गया। गांधी चौक पर आयोजित कार्यक्रम में वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान के कोटा शहर संयोजक विवेक राजवंशी ने कहा कि महात्मा गांधी ने आजीवन स्वच्छता और सादगी पर बल दिया। उनकी सोच उस वक्त से कहीं आगे की थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वच्छ भारत अभियान के माध्यम से महात्मा गांधी के स्वच्छता के संदेश को सम्पूर्ण विश्व में पहुंचाया। आज आवश्यकता है कि हम स्वच्छता का संकल्प लेते हुए जल एवं पर्यावरण संरक्षण को अपने प्रतिदिन के जीवन का भाग बनाएं। श्रमदान करने वालों में वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान के कोटा उत्तर विधानसभा क्षेत्र संयोजक राकेश सुमन पुटरा, कोटा दक्षिण विधानसभा क्षेत्र संयोजक भानु प्रताप गौड़, योगेश आहलूवालिया, स्वास्थ्य अधिकारी मोतीलाल चौधरी उपस्थित रहे।

जेईई-एडवांस्ड के ऑल इंडिया टॉपर राजित गुप्ता ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से आशीर्वाद लिया

- बिरला ने कहा, कोटा निवासी स्टूडेंट का देश में टॉप करना हर कोटावासी के लिए गर्व की बात

कोटा, (निसं)। देश की सबसे प्रतिष्ठित इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा जेईई एडवांस्ड-2025 में ऑल इंडिया टॉप कर रैंक-1 प्राप्त करने वाले कोटा निवासी एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट के क्लासरूम स्टूडेंट राजित गुप्ता एवं उनके अभिभावक मंगलवार को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से मिले। शक्ति नगर स्थित लोकसभा अध्यक्ष के निवास स्थान पर पहुंचे राजित और उनके पिता दीपक गुप्ता व मां डॉ.श्रुति अग्रवाल और छोटी बहन ने उनसे आशीर्वाद लिया। लोकसभा अध्यक्ष बिरला ने राजित को कोटा का नाम देश में रोशन करने एवं ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करने के लिए बधाई देते हुए आशीर्वाद दिया।

बिरला ने कहा कि राजित की उपलब्धि न केवल उनकी प्रतिभा का प्रमाण है, बल्कि कोटा की शैक्षणिक संस्कृति की भी पहचान है। यह हर कोटावासी के लिए गर्व की बात है कि यहीं के राजित ने देशभर में टॉप किया, वो भी ऐसी परीक्षा में जो देश की कठिनतम परीक्षाओं में शामिल है। राजित के अभिभावकों और शिक्षकों का इस सफलता में पूरा योगदान है, मैं उन्हें भी बधाई देता हूं।

सभी कोटावासी एकजुट होकर देशभर के विद्यार्थियों का भविष्य बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। कोटा हर वर्ष हजारों विद्यार्थियों के सपने साकार कर रहा है। जेईई एडवांस्ड 2025 का रिजल्ट इस बार कोचिंग सिटी कोटा के लिए काफी खास है। टॉप रैंक के साथ टॉप-100 में भी बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने स्थान प्राप्त किया है।

जिला कलेक्टर ने बैठक ली

कोटा, (निसं)। 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों को लेकर मंगलवार को जिला कलेक्टर डॉ. रविन्द्र गोस्वामी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में विभागीय बैठक आयोजित की गई। इस दौरान जिले में जनसहभागिता से भव्य योग आयोजन के लिए सभी विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

बैठक में जिला कलेक्टर ने बताया कि 21 जून को 'एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग' थीम पर योग दिवस मनाया जाएगा।

संवाद कार्यक्रम का आयोजन

कोटा, (निसं)। राजस्थान सरकार के खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग द्वारा उपभोक्ता संगठनों के साथ संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। कंज्यूमर्स कॉन्फेडरेशन ऑफ इंडिया सीसीआई के नेशनल चेयरमैन डॉक्टर अनंत शर्मा की उपस्थिति में राजस्थान के प्रमुख उपभोक्ता संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। उपभोक्ता मामले विभाग के मंत्री सुमित गोदारा, उपभोक्ता विभाग के राज्य सचिव सुबीर कुमार एवं विभाग की निदेशक पूनम सागर, उप निदेशक संजय झाला द्वारा उपभोक्ता संगठनों के प्रतिनिधियों से स्वैच्छिक उपभोक्ता संगठन की भूमिका एवं उपभोक्ता आंदोलन को सुदृढ़ किये जाने के लिए सुझाव लिए। इस संदर्भ में सी सी आई की प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट ज्योति गौड़ ने उपभोक्ताओं के लिए जिलों एवं तहसील स्तर पर हेल्पलाईन चला कर समस्या का निराकरण और आनलाईन सुविधा का लाभ उठाने के लिए प्रशिक्षण दिये जाने तथा उपभोक्ता विभाग द्वारा संगठनों को इस कार्य के लिए बजट दिये जाने का सुझाव दिया। उपभोक्ता मामले विभाग की मीटिंग के बाद भारतीय मानक ब्यूरो जयपुर शाखा की प्रमुख निदेशक कनिका कालिया ने भी उपभोक्ता संगठनों के साथ संवाद किया। इस अवसर पर निर्देशक कनिका कालिया ने कहा कि आगामी दिनों में भारतीय मानक ब्युरो द्वारा उपभोक्ता संगठनों के साथ मिलकर कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस अवसर पर राष्ट्रीय निर्देशक कैलाश कुमावत, राष्ट्रीय वरिष्ठ महासचिव विजेंद्र हलचल, प्रदेश अध्यक्ष ज्योति गौड़ एडवोकेट, प्रदेश संयुक्त सचिव नईम अली, सदस्य राकेश यादव, उपभोक्ता महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष योगेश पालीवाल, मुमताज, कृष्णा, राष्ट्रीय महासचिव मुकेश वैष्णव इत्यादि उपस्थित रहे।

श्रद्धांजलि दी

कोटा, (निसं)। विगत 36 वर्षों से सिन्धी संस्कृति, साहित्य, संस्कार व सामाजिक सेवा के लिए कोटा में कार्यरत संस्था सिन्धु सोशल सर्किल परिवारों की ओर सर्किल भवन पर आयोजित बैठक के बाद अहमदाबाद में हुए विमान हादसे पर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई, 'अहमदाबाद में प्लेन क्रैश ने हमें स्तब्ध और दुखी कर दिया है।

खोया पाया

दीपक सक्सेना पुत्र नरेश कुमार सक्सेना मकान नंबर 10/133 स्वामी विवेकानंद नगर कोटा का नाम ट्रांसफर लेटर गुम हो गया है, किसी को मिलने पर सूचित करें-9314277594

आम सूचना

यह कि मेरी पक्षकारा मन्जूलता पत्नी श्री श्यामलाल निवासी मकान नं-60, कल्पतरु गोदाम के पीछे धाकडखेडी कोटा राजस्थान की निवासी हूं। मेरा पुत्र रिकेंश प्रजापति व उसकी पत्नी राममूर्ति को मैंने मेरी समस्त चल व अचल सम्पति से बेदखल कर दिया है तथा रिकेंश प्रजापति व उसकी पत्नी राममूर्ति से किसी भी दीगर व्यक्ति द्वारा किस भी प्रकार का नगद या ऋण के संबंध में संव्यवहार किया जाता है तो उसके लिये मेरी पक्षकारा किसी भी प्रकार से प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से जिम्मेदार नहीं होगी। कृपया सूचित हो।

कोटा
दिनांक-17.06.2025

भवदीय
मुकेश शर्मा, एडवोकेट
मो. 9413276650

न्यायालय जिला न्यायाधीश, कोटा (राज.)
सिविल मिसलेनियस क्रमांक : 66/2025

(1) अमित गोयल पुत्र स्व. राजेन्द्र प्रसाद गोयल, उम्र 42 वर्ष (2) आशु गोयल पुत्र स्व. राजेन्द्र प्रसाद गोयल, उम्र 46 वर्ष निवासीगण- म.नं. 94, सेक्टर-7, केशवपुरा, कोटा राजस्थान (3) ज्योति सिंघल पत्नी प्रवीण कुमार सिंघल, उम्र 47 वर्ष निवासी- ए-17, फेज 2, कृष्णा शरणम, बुरका बाग, कमला नगर, यमुना विहार, आगरा, उत्तर प्रदेश-382005 .....प्रार्थीगण

- बनाम -

(1) भारतीय स्टेट बैंक, शाखा- विज्ञान नगर, कोटा राजस्थान जरिये प्रबन्धक (2) जन साधारण .....अप्रार्थीगण

प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 372
भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम

जनरल नोटिस

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि अमित गोयल पुत्र स्व. राजेन्द्र प्रसाद गोयल, उम्र 42 वर्ष, आशु गोयल पुत्र स्व. राजेन्द्र प्रसाद गोयल, उम्र 46 वर्ष निवासीगण- म.नं. 94, सेक्टर-7, केशवपुरा, कोटा राजस्थान एवं ज्योति सिंघल पत्नी प्रवीण कुमार सिंघल, उम्र 47 वर्ष, निवासी- ए-17, फेज 2, कृष्णा शरणम, बुरका बाग, कमला नगर, यमुना विहार, आगरा उत्तर प्रदेश 382005 के द्वारा एक प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में अन्तर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम के तहत प्रस्तुत किया गया है जिसमें प्रार्थीगण द्वारा अपनी माता पुष्पा गोयल पत्नी स्व. राजेन्द्र प्रसाद गोयल निवासी- सामुदायिक भवन के पास, केशवपुरा, कोटा की मृत्यु पश्चात भारतीय स्टेट बैंक शाखा- विज्ञान नगर, कोटा में लॉकर में जमा सामान एवं एफडी राशि के सम्बन्ध में प्रार्थीगण के पक्ष में 1/3-1/3 हिस्से का उत्तराधिकार प्रमाण पत्र चाहा गया है। यदि किसी भी व्यक्ति को इस बाबत् कोई आपत्ति हो तो वह इस न्यायालय में दिनांक 11 माह 08 वर्ष 2025 को समय 10:30 AM को प्रस्तुत होकर आपत्तियां प्रस्तुत कर सकता है। अन्यथा उक्त दिनांक गुजर जाने के बाद उक्त प्रार्थीगण द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र को निर्णीत कर उनके हक में उत्तराधिकार प्रमाण पत्र जारी कर दिया जायेगा। न्यायालय के आदेश से

मोहर
वरिष्ठ मुंसरिम
जिला एवं सेशन न्यायालय, कोटा (राज.)

कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा

क्रमांक : एफ 11/विक्रय/2025/1315 **-: विज्ञप्ति :-** दिनांक : 15.04.2025

नगर विकास न्यास कोटा की योजना देवनारायण नगर आवासीय का भूखण्ड / आवास संख्या सी-45 को आवंटन न्यास के पत्र दिनांक 31.05.2023 को श्रीमती तलविन्दर कौर पत्नी श्री बलजिन्दर सिंह को आवंटन किया गया था। उक्त भूखण्ड की रजिस्ट्री जर्ये मुख्तारआम श्री संजय कुमार गुलवानी पुत्र स्व. श्रीचंद द्वारा नगर विकास न्यास, कोटा से चाही जा रही है।
अत: जरिये आम सूचित किया जाता है कि यदि इस रजिस्ट्री की स्वीकृति देने में किसी को कोई ऐतराज हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 7 दिवस के अन्दर-अन्दर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर दें, अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात् उक्त आवास संख्या सी-45 योजना देवनारायण नगर आवासीय की रजिस्ट्री स्वीकृति श्रीमती तलविन्दर कौर पत्नी श्री बलजिन्दर सिंह जर्ये मुख्तारआम श्री संजय कुमार गुलवानी पुत्र स्व. श्रीचंद के नाम जारी कर दी जावेगी।

उपायुक्त, कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा

कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी कोटा विकास प्राधिकरण (केडीए)

क्रमांक : LU2012/KOT/2025-26/101004 **लोक सूचना** दिनांक : 17.06.2025

श्री PRANATI BUILDCON TH. PARTNER PRAKASH CHAND JAIN पुत्र श्री RATAN LAL JAIN जाति JAIN निवासी A-70 RIDDHI SIDDHI NAGAR, KUNHADI, KOTA RAJASTHAN ने इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का आवासीय प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारी के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात्:-

क्र. सं.	ग्राम तहसील व जिले का नाम	खातेदार का नाम	खसरा संख्या	क्षेत्रफल (वर्ग मीटर)	क्षेत्रफल (हैक्टे.)
1.	नांता, लाड़पुरा (कोटा)	GEETA WO MODULAL HIS. 1/4 CASTE MALI KHATEDAR, (2) MODU LAL S/O PARSA HISSA 3/4 CASTE MALI KHATEDAR	1282	500	0.05
2.	नांता, लाड़पुरा (कोटा)	GEETA WO MODULAL HIS. 1/4 CASTE MALI KHATEDAR, (2) MODU LAL S/O PARSA HISSA 3/4 CASTE MALI KHATEDAR	1283	2500	0.25
3.	नांता, लाड़पुरा (कोटा)	GEETA WO MODULAL HIS. 1/4 CASTE MALI KHATEDAR, (2) MODU LAL S/O PARSA HISSA 3/4 CASTE MALI KHATEDAR	2146/1280	3500	0.35
4.	नांता, लाड़पुरा (कोटा)	GEETA WO MODULAL HIS. 1/4 CASTE MALI KHATEDAR, (2) MODU LAL S/O PARSA HISSA 3/4 CASTE MALI KHATEDAR	2148/1281	1600	0.16
				कुल	0.81

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 90-क औरा राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर अपनी एसएसओ आईडी से लॉग इन कर 90-A For Development Authority (UDH) आईकॉन पर जाकर समर्थक दस्तावेज को अपलोड कर अपना आक्षेप दर्ज कर सकते हैं।
उपर्युक्त नियम समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तद्नुसार मामले का निपटारा किया जावेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज 17.06.2025 को जारी की गयी।

प्राधिकृत अधिकारी, कोटा विकास प्राधिकरण (केडीए)

कार्यालय नगर निगम, कोटा दक्षिण (राज.)

क्रमांक:-ननिकोद/जोन-प्रथम/भ.नि.अनु./2025/3379 दिनांक: 16.6.25

स्वामित्व हस्तांतरण बाबत सार्वजनिक विज्ञप्ति

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री श्याम सुन्दर लोहिया पुत्र श्री विमल कुमार लोहिया निवासी-बी-536 इन्द्रा विहार कोटा (राज.) ने नगर निगम कोटा दक्षिण भूखंड संख्या-बी-536 इन्द्रा विहार कोटा (राज.) नगर निगम कोटा नाम हस्तांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। भूखंड संख्या-बी-536 इन्द्रा विहार कोटा क्षेत्रफल-2400 वर्गफुट का कार्यालय सीनियर रिजनल मेनेजर रीको लिमिटेड कोटा द्वारा पत्र क्रमांक-यू (916)-3(14-536)93/3971 दिनांक 24.09.1994 से श्री विमल कुमार जैन पुत्र श्री कस्तुर चन्द को आवंटन किया गया। श्री विमल कुमार जैन पुत्र श्री कस्तुर चन्द ने उक्त भूखंड की वसीयत पंजीकृत वसीयतनामा दिनांक 02.09.2010 से श्री श्याम सुन्दर लोहिया की गई है। श्री विमल कुमार जैन पुत्र श्री कस्तुर चन्द की मृत्यु दिनांक 01.10.2017 को हो चुकी है। श्रीमती सुशीला जैन पत्नी श्री विमल कुमार जैन की मृत्यु दिनांक 17.09.2016 को हो चुकी है। दोनों की मृत्यु उपरांत उनके शेष विधिक वारिसान श्री श्याम सुन्दर लोहिया पुत्र श्री विमल कुमार लोहिया है। श्री श्याम सुन्दर लोहिया पुत्र श्री विमल कुमार लोहिया के पक्ष में नाम हस्तांतरण की कार्यवाही की जानी है।
आवेदक द्वारा प्रस्तुत आवेदन अनुसार नगर निगम कोटा दक्षिण में उक्त भूखंड के स्वामित्व नाम हस्तान्तरण की कार्यवाही की जा रही है। उक्त भूखंड का स्वामित्व नाम हस्तांतरण करने में किसी व्यक्ति, संस्था या अन्य किसी को भी उक्त भूखंड से संबंध रखता है, को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 7 दिवस में अपनी आपत्ति लिखित में उपायुक्त नगर निगम कोटा दक्षिण कार्यालय में प्रस्तुत करें। बाद मियाद आपत्ति मान्य नहीं होगी।

उपायुक्त नगर निगम कोटा दक्षिण

कार्यालय नगर निगम, कोटा उत्तर (राज.)

क्रमांक : ननिकोउ/जोन-प्रथम/भ.नि.अनु./2025/7017 दिनांक : 16.06.2025

भू-उपयोग परिवर्तन बाबत् सार्वजनिक विज्ञप्ति

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि **डॉक्टर दीपेन्द्र कुमार शर्मा पुत्र श्री राम कुमार शर्मा निवासी आवास संख्या ए-4, महाराव भीम सिंह नगर, कोटा (राज.)** ने नगर निगम, कोटा उत्तर में आवेदन प्रस्तुत कर स्टेशन मेन रोड़, भीमगंजमण्डी, कोटा स्थित भूखण्ड क्षेत्रफल 109.89 वर्गगज का आवासीय से व्यावसायिक प्रयोजनार्थ भू-उपयोग परिवर्तन करने का निवेदन किया है। उक्त आवेदित स्टेशन मेन रोड़, भीमगंजमण्डी, कोटा क्षेत्रफल 109.89 वर्गगज का स्वामित्व कार्यालय नगर निगम, कोटा उत्तर द्वारा कार्यालय आदेश क्रमांक LSG/KOTA NORTH/MUT/2025-26/127007 दिनांक 27.05.2025 से डॉक्टर दीपेन्द्र कुमार शर्मा पुत्र श्री राम कुमार शर्मा के नाम हस्तांतरित किया गया। आवेदक द्वारा प्रस्तुत आवेदन अनुसार नगर निगम, कोटा उत्तर में उक्त भूखण्ड़ का आवासीय से व्यावसायिक प्रयोजनार्थ भू-उपयोग परिवर्तन करने की कार्यवाही की जा रही है। उक्